भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2902

(जिसका उत्तर सोमवार, 07 अगस्त, 2023/ 16 श्रावण , 1945 (शक) को दिया जाना है)

खुदरा मुद्रास्फीति दर

2902. श्री नलीन कुमार कटील, श्री डी.के. सुरेश और श्रीमति सुमलता अम्बरीश:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो मौजूदा दर पर मुद्रास्फीति दर का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महंगाई बढ़ने के कारणों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में मुद्रास्फीति के स्तर को कम करने के लिए कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) **:** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) द्वारा दर्शाई गई खुदरा मुद्रास्फीति 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल -जून 2023) के दौरान औसतन 4.6 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान दर्ज 6.2 प्रतिशत की मुद्रास्फीति से कम थी। जून 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत थी।

(ग) और (घ) **:** सरकार देश भर में 536 मूल्य निगरानी केन्द्रों के माध्यम से 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यों की निगरानी कर रही है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्य कई कारकों, जैसे मांग और आपूर्ति में अंतर, मौसमी प्रभाव, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं, अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि आदि से प्रभावित होते हैं।, कभी-कभी, आपूर्ति श्रृंखला में मामूली व्यवधान या भारी बारिश के कारण क्षति से कृषि-बागवानी से संबंधित वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि होती है।

(ङ) **:** सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्यों को स्थिर करने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। इन उपायों में, अन्य मुद्दों के साथ-साथ, बफर स्टॉक से रिलीज, स्टॉक सीमाएं लगाना, जमाखोरी को रोकने के लिए संस्थाओं द्वारा घोषित स्टाक की निगरानी करना और आयात शुल्क को युक्तिसंगत बनाने, आयात कोटा में परिवर्तन और विशिष्ट वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध जैसे व्यापारिक नीतिगत साधानों में अपेक्षित परिवर्तन करना शामिल है। इसके अलावा, कोर (गैर-खाद्य, गैर-ईंधन) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख आदानों पर आयात शुल्क और उत्पाद शुल्क का अंशांकन किया है।